महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / सांस्कृतिक केन्द्र / एफ–01 / 2024–25 / दिनांकः–13.11.2024

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / प्रबन्धक / सचिव,
   समस्त सम्बद्ध–राजकीय / संघटक / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
   महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयन्ती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में गतिविधियाँ संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक कुलसचिव कार्यालय के पत्रांक संख्या एम0जे0पी0रू0वि0 / सम्बद्धता / 2024 / 4477–81, दिनांक 06.11.2024, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148वीं जयंती एवं **''राष्ट्रीय एकता दिवस''** के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ का आयोजन किया जाना है।

विश्वविद्यालय एंव सम्बद्ध महाविद्यालय में निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है–

(क) भाषण प्रतियोगिता–विषयः सरदार वल्लभभाई पटेल जी के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता।
(ख) एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता। विषयः राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता।
(ग) कविता लेखन–विषयः देशभक्ति।
(घ) निबन्ध लेखन–विषयः सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का आधुनिक भारत में योगदान।
(ड) देश भक्ति गीत (एकल)।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन अपने महाविद्यालय में दिनांक 08 से 15 नवम्बर, 2024 तक सम्पन्न करवाकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता विद्यार्थियों के नाम, पिता का नाम, कक्षा, मोबाइल न0, आई0डी0 कार्ड, फोटो, विद्यार्थी का पासपोर्ट साईज फोटो तथा साथ ही आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट फोटोग्राफ्स सहित पीडीएफ फाईल में दिए गए, ई–मेल आई0डी0 culturalcentermjpru@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करें।

उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता विद्यार्थियों के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18 नवम्बर, 2024 (सोमवार) को विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा प्रातः 11 बजे से किया जायेगा।

संलग्नकः उक्तवत्

भवदीय

13/11/2024

(डॉ0 ज्योति पाण्डेय)
नोडल अधिकारी एवं
समन्वयक, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. वित्त अधिकारी।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / चीफ प्राक्टर / क्रीड़ा सचिव / समस्त वार्डन।
6. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली।
7. कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
8. कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0, एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
9. मीडिया प्रभारी।
10. उप–कुलसचिव (प्रशासन / सम्बद्धता)
11. उप–कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)
12. अवर अभियन्ता (विद्युत)
13. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

नोडल अधिकारी एवं
समन्वयक, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केन्द्र